दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 24 मुरादाबाद 16 May 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को दी 144 करोड़ की 61 परियोजनाओं की सौगात




गोरखपुर- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को 144 करोड़ रुपये की लागत की 61 परियोजनाओं की सौगात दी। रविवार को तारामंडल के महंत दिग्विजय नाथ पार्क में आयोजित शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।सुबह तकरीबन 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले महंत दिग्विजयनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने विकास योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। परियोजनाओं में सड़क, संपर्क मार्ग, बाढ़ सुरक्षा, शिक्षा आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पांच टीबी रोगियों के स्वजन को पोषण किट, भूसा दान करने वालों को प्रशस्ति पत्र दिया।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस दौरान महापौर सीताराम जायसवाल, सांसद रविकिशन, कमलेश पासवान, राज्यसभा सदस्य जयप्रकाश निषाद, विधायक श्री राम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, डॉ. विमलेश पासवान, श्रवण निषाद आदि मौजूद रहे।

### यह कार्य शामिल

मुख्यमंत्री ने 33.16 करोड़ रुपये की लागत वाली ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 40 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उनके हाथों 111.33 करोड़ रुपये की लागत वाली आवास विकास परिषद, बाढ़ खंड और लोक निर्माण विभाग की 21 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास वाली परियोजनाओं में ज्यादातर बाढ़ बचाव के उपायों से जुड़ी हैं। साथ ही गोला में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास (लागत 2 करोड़ 16 लाख 55 हजार रुपये) तथा राजकीय आईटीआई चरगांवा में ऑडिटोरियम (लागत 4 करोड़ 52 लाख रुपये) के निर्माण कार्य शामिल हैं।

### शनिवार को होना था 61 परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास

गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग की 61 परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के लिए शनिवार को कार्यक्रम आयोजित था लेकिन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति के निधन पर घोषित राजकीय शोक के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। कार्यक्रम में करीब 33.16 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण ओर 111.33 करोड़ रुपये की 21 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ।

## राहुल गांधी की कांग्रेसियों को नसीहत- पदों से ज्यादा जनता पर फोकस करना होगा, हम उससे कट गए हैं




राजस्थान के उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर को आज राहुल गांधी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेसियों को नसीहत भी दी। राहुल गांधी ने कहाकि हमारा पूरा डिस्कशन इंटर्नल मामले में होता है। कौन सी पोस्ट किसे मिल रही है इस पर फोकस रहता है। आज के समय इंटर्नल फोकस से काम नहीं होगा। आज का फोकस एक्सटर्नल करना पड़ेगा। हमें जनता के बीच जाना पड़ेगा। यह हमें अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए करना होगा।

### हमने खुलकर की चर्चा

इस दौरान राहुल गांधी ने कहाकि शिविर की चर्चा में कांग्रेस के लीडर को लेकर सभी लोगों ने चर्चा की है। इसमें मैं भी मौजूद था। मैं सभी जगह चर्चा में गया और सभी को सुना है। मैंने देखा है। मेरा सवाल है कि देश में ऐसी कौन सी पार्टी है जिसने इस तरह खुलकर चर्चा की है। राहुल ने कहाकि एक सीनियर लीडर ने बिना किसी हेजिटेशन के कहाकि आरएसएस और भाजपा का मुकाबला कैसे करना है। इस दौरान राहुल ने कहाकि हम हिंसा के विरोध में हैं। राहुल ने कहाकि देश में जो रोजगार देने वाली रीढ़ थी, उसे मोदी, भाजपा और उनकी विचारधारा ने तोड़ दी है।

### देश के युवा को रोजगार की होगी मुश्किल

राहुल गांधी ने कहाकि आज हिंदुस्तान के युवा को रोजगार नहीं मिल सकता है। नरेंद्र मोदी ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। आज से ज्यादा बेरोजगारी पहले कभी नहीं रही है। क्योंकि रोजगार पैदा करने वाली जो रीढ़ की हड्डी है, उसको नरेंद्र मोदी व विचारधारा ने तोड़ दिया है। नोटबंदी, जीएसटी को लागू कर दो-तीन लोगों को फायदा पहुंचाया। युवाओं को बर्बाद कर दिया है। आने वाले समय में देश के युवा को रोजगार नहीं मिलेगा। यूक्रेन के युद्ध का भी असर पड़ने वाला है। हालात खतरनाक आपदा में पड़ने जा रहा है। इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है। हमारी भी जिम्मेदारी है जो विचारधारा की लड़ाई को लड़ने की है और जनता के साथ खड़े होने की है।

### भाजपा में दलितों के लिए जगह नहीं

इस दौरान राहुल गांधी ने कहाकि भाजपा में दलितों को लिए कोई जगह नहीं है। ऐसा नेताओं ने कहा है। उन्होंने कहाकि हम रीजनल पार्टी की इज्जत करते हैं। यह चर्चा कांग्रेस में नई नहीं थी। मीडिया कांग्रेस पार्टी पर लगातार अटैक करता है। हम लगातार चर्चा कर रहे हैं। कांग्रेस के डीएनए में है कि हम हर धर्म, हर जाति के लिए उपलब्ध हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई, देश की हर जनता के बीच हैं और बातचीत कर रहे हैं। मैंने पार्लियामेंट में कहा था कि भारत यूनियन ऑफ स्टेट्स है। न कि नेशन है। मैं पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं कि हम हिंसा के विरोध में है। हम देश के लोगों को हिंसा में नहीं झोंकेंगे।

### सरकार किसी से बात नहीं कर रही

राहुल गांधी ने कहाकि कांग्रेस पार्टी में महात्मा गांधी, पटेल, आजाद, अंबेडकर आदि महान नेताओं ने कांग्रेस को बनाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक यूनियन है और हर नागिरक इसका सदस्य है। न्याय पालिका दबाव में है। इलेक्शन कमिशन, मीडिया सबलोग इस दौर में मजबूर है। सरकार किसी से बातचीत नहीं कर रहे हैं। हम लोगों से बातचीत कर रहे हैं। यह हम सबलोग देख रहे हैं। प्रेस पिपुल, राजनीतिज्ञ नहीं बोल पा रहे हैं। राजनीतिक चर्चा बंद हो गई है। सवाल हमारे सबके दिमाग में है। कैसे मुकाबला करें। आर्थिक हालात खराब हो गए हैं। दो दिन पहले एक्सपोर्ट को बैन कर दिया गया है। इसको किसानों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब के किसान परेशान हैं।

## भाकियू में दो फाड़, नए संगठन ने राजेश सिंह चौहान को चुना राष्ट्रीय अध्यक्ष, हरिनाम को बनाया प्रदेश अध्यक्ष



किसानों की नाराजगी के चलते भारतीय किसान यूनियन अब दो भागों में बंट गई है। चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर राकेश नरेश टिकैत और राकेश टिकैत अलग-थलग पड़ गए हैं। भाकियू के नए संगठन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने रविववार को राजेश सिंह चौहान को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। वहीं हरिनाम सिंह वर्मा को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। बतादें कि रविवार को लखनऊ में आयोजित भाकियू के संस्थापक स्व.चौ.महेंद सिंह टिकैत की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में राकेश टिकैत की जमकर आलोचना की गई। इसके बाद संगठन ने अलग गुट बनाने का फैसला किया था। उनकी कथित राजनीतिक गतिविधियों को लेकर किसानों में जबरदस्त नाराजगी भी देखने को मिली है। राकेश टिकैत के समर्थकों और विरोधियों में टकराव टालने के लिए आयोजन स्थल पर भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।

### महेंद्र सिंह टिकैत की बनाई पार्टी में पड़ी दरार

बाबा महेंद्र सिंह टिकैत द्वारा बनाई गई भाकियू पार्टी में अब दरार पड़ चुकी है। दो दिनों से लखनऊ में कार्यकर्ताओं को समझाने का टिकैत का प्रयास असफल दिखाई दिया है। जानकारी के अनुसार कुछ किसान नेता टिकैत से नाराज चल रहे थे। संगठन की यूपी इकाई के नेतृत्व की नाराजगी की खबर मिलते ही राकेश टिकैत शुक्रवार की रात को ही लखनऊ पहुंच गए थे। चिनहट विकास खण्ड के नौबस्ता कलां गांव में हरिनाम सिंह वर्मा के आवास पर ही वह ठहरे और देर रात तक उनकी असंतुष्ट गुट से समझौता वार्ता होती रही। मगर इस वार्ता का कोई समाधान नहीं निकल सका।

# भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ नगला ढक का दौरा किया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ नगला डक का दौरा किया भाजपा किसान मोर्चा महानगर की तरफ से की गई पहल पर किसानों की एक रास्ता इस क्षेत्र में बनवाई जा रही है विधायक निधि से यह रास्ता बनवाई जा रही है कुल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल पाराशर जी से भाजपा किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मिला था किसान मोर्चा महानगर की पहल पर माननीय विधायक अनिल पाराशर जी ने वहां पर रास्ता बनवाना शुरू कर दिया है यहां की जनता ने माननीय विधायक अनिल पाराशर जी का आभार व्यक्त किया है सहयोग के लिए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह महानगर उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह महानगर मंत्री अमित प्रताप सिंह महानगर कार्यकारिणी के सदस्य पवन कुमार सिंह महानगर के मंत्री महेश चंद बघेल महानगर कार्यकारिणी के सदस्य महेंद्र सिंह बघेल आदि किसान एवं सभी वर्गों के लोग आभार व्यक्त किया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह महानगर उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह का वहां के किसानों ने फूल मालाओं से स्वागत किया है महानगर भाजपा किसान मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने माननीय विधायक अनिल पाराशर जी द्वारा बनवाई जा रही सड़क का भ्रमण भी किया कॉल विधायक अनिल पाराशर जी एक ऐसे विधायक हैं अपने क्षेत्र में विकास कार्य एवं रास्ता ओं का निर्माण कार्य बहुत भारी मात्रा में किया है वहां के किसानों ने एवं जनता ने विधायक जी का आभार व्यक्त किया है

# बमनपुरा गांव में डेढ़ माह से नहीं आ रही है बिजली लोग परेशान

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बदायूं- विकासखंड में म्याऊं के गांव बमनपुरा में लोगों के लिए डेढ़ माह से बिजली नहीं मिल रही है जिससे लोगों ने आज एक जगह एकत्र होकर बिजली विभाग की शिकायत की ब गांव के प्रधान श्री नंदराम कश्यप ने गांव के लोगों के साथ खड़े होकर बिजली विभाग की घोर निंदा की प्रधान का कहना है कि मेरे गांव के लोग डेढ़ माह से बिजली नहीं मिल रही है जिससे अब लोगों में आक्रोश पैदा हो गया है लोगों ने कई बार अधिकारियों के लिए अपना पत्र देकर अपने गांव की समस्या के बारे में भी अवगत कराया जिस पर आज तक ग्रामीण लोगों की किसी ने नहीं सुनी जिस पर आज गांव के लोग गांव के बाहर आकर खड़े हो गए और अपनी शिकायत पत्र अधिकारियों को देने जा रहे थे गांव में लगभग 300 से ज्यादा घरेलू बिजली कनेक्शन है और गांव के लोगों का कहना है जब बिजली नहीं आ रही तो हम बिल क्यों देंगे जिस पर प्रधान ने कहा कि मैं आज कुछ अधिकारियों से बात करूंगा और समस्या का समाधान करने का गांव वालों को आश्वासन दिया जिस पर गांव वाले अपने घर वापस हो गए और प्रधान अधिकारियों से मिलने चले गए जिसमें विजेंद्र सिंह कश्यप राम सिंह कश्यप सोहनलाल उदयवीर रामवीर रंजीत रामअवतार गुड्डू रघुनाथ सिंह हरनाथ सिंह और बहुत से लोग मौजूद थे

# जल निकास को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़े और चटकी लाठिया

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरबसपुर के निवासी रामनिवास पुत्र बीपत राम ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शाम करीब 5ः00 बजे बिपक्षी सिया राम पुत्र बोतल उर्फ राकेश, मिथुन पुत्र पिटकू ,संजय पुत्र तुलसी, निवासी हरबंस पुर थाना मल्हीपुर बरसात का पानी निकलने की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे प्रार्थी ने गाली गलौज करने से मना किया तो उपरोक्त विपक्षी लात मुक्का एवं लाठी डंडा से मारने पीटने लगे बीज बराव कराने के लिए मेरी मां शांति देवी आई तो उन्हें भी मारा पीटा जिससे चोट आई है इस संबंध में थाना मालीपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है तथा जानकारी लेने पर थाना मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है और मामला दर्ज कर जांच किया जा रहा है

# सहायक अध्यापक के पद पर भर्ती हेतु कूट रचित अभिलेखों का प्रयोग कर गलत तरीके से नौकरी पाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर/भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक श्री हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर मयटीम उ0नि0 सुरेश कुमार साहनी द्वारा थाना मल्हीपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 342/2021 धारा 420, 467, 468, 471 ढ्डक्क से संबंधित अभि0 इन्द्रजीत कुमार त्रिपाठी उर्फ बाबू पुत्र बाबूराम त्रिपाठी निवासी ग्राम इटहिया खैरीखाला थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती को ग्राम इटहिया खैरीखाला थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती उसके घर से गिरफ्तार किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी हरिहरपुररानी जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना मल्हीपुर पर उपस्थित होकर कृष्ण कुमार पुत्र जयराम ग्राम इटहिया खैरीखाला थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय सोरहिया, विकास खंड हरिहरपुररानी के विरुद्ध फर्जी/कूटरचित अभिलेखों के आधार पर सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति प्राप्ति करने का अभियोग पंजीकृत करवाया था। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि कृष्ण कुमार पुत्र जयराम यादव ग्राम इटहिया खैरीखाला थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती के नाम पर इंद्रजीत कुमार त्रिपाठी पुत्र बाबूराम त्रिपाठी निवासी उपरोक्त सहायक अध्यापक के पद पर फर्जी कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहा था।

# मनोदर्पण काउंसलर कुंवर प्रतीक सिंह को मिला मेरठ रत्न सम्मान

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- कुमायूं विश्वविद्यालय, नैनीताल के हरमिटेज हॉल में आयोजित ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इण्टेलैक्चुअल्स के 44वें वार्षिक समारोह, 2022 के अवसर पर कुँवर प्रतीक सिंह, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता, मेरठ कोउनके द्वारा अर्जित शैक्षिक योग्यताओं, शिक्षण सेवाओं व बड़े पैमाने पर मनोवैज्ञानिक परामर्श के क्षेत्र में विशेषकर कोविड के कठिन समय में समाज को प्रदान की गई अपनी विशिष्ट सेवाओं के लिए ए0आई0सी0ओ0आ द्वारा प्रदान किया गया। ए0 आई0 सी0 ओ0 आई0 द्वारा इण्टेलैक्चुअल्स ऑनर मेरठ रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुँवर प्रतीक सिंह ने ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इण्टेलैक्चुअल्स को संबोधित करते हुए वर्तमान जीवन में मनोवैज्ञानिक परामर्श के महत्व पर ज़ोर देते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए मनोवैज्ञानिक परामर्श लेने में किसी प्रकार का कोई संकोच न करने एवं बिना समय गंवाए सार्थक पहल के लिए पप्रेरित किया ।सहायता, क्रियान्वयन को विश्मि निस्ट्री ऑफ एजुकेशन व एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान से संचालित काउंसलिंग हेल्पलाइन %मनोदर्पण% में कार्यरत साथ ही विधिक क्षेत्र से गहरा संबंध रखने वाले कुँवर प्रतीक सिंह की इस उपलब्धि पर अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् एवं शायर डॉ0 पॉपुलर मेरठी, ले. जन. के. एम. सेठ पूर्व माननीय राज्यपाल छत्तीसगढ़, डॉ. ए. क्यू. खान, प्रो0 आर के उपाध्याय, डॉ0 संगीता उपाध्याय, डॉ0 जितेंद्र यादव के साथ परिजनों व मित्रगणों ने भी बधाई दी है।


# बोनेर पेट्रोल पंप के समीप कार व मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के धनीपुर हवाई पट्टी के समीप आमने-सामने की भिड़ंत में तीन गंभीर रूप से घायल हो गए रास्ते में ले जाते वक्त तुषार पुत्र प्रदीप उम्र 20 वर्ष निवासी पंच नगर अलीगढ़ की मौके पर मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल हुए नीरज पत्र महेश चंद कृष्णा पुत्र ईश्वर प्रसाद निवासी डोरी नगर थाना गांधी पार्क गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची महुआ खेड़ा पुलिस में न्यू आराध्या, हॉस्पिटल के लिए भेजा जिसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है मृतक को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा, मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा बताया जा रहा है घरवालों को कहना है कि घर से कहीं पैसे लेने जा रहे थे,

# अनवारूल उलूम की भूमि पर जताया सूचना विभाग ने अधिकार, हड़कंप




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-चकबंदी के दौरान मिली जमीन पर मदरसा अनवारूल उलूम की प्रबंध कमेटी ने राज्य सरकार के चलचित्र निगम को भूमि उपलब्ध करा कर यहां चलचित्र सिनेमा हॉल का निर्माण करा दिया था। बाद में यह भूमि वापस मिल जाने पर प्यास मदरसा अनवारूल उलूम का निर्माण कराया गया था। सूचना विभाग ने इस जमीन को अपना बताते हुए मदरसा अनवारूल उलूम का अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। मामले की जांच शुरू हो गई है। इसे लेकर हड़कंप मचा हुआ है। नगर के चलचित्र ढाल के सामने सुरजन नगर शरीफ नगर रोड के किनारे मदरसा अनवारूल उलूम स्थित है। लगभग 30 साल पहले चलचित्र निगम की स्थापना हुई तो चकबंदी के दौरान मिले चक को मदरसा अनवारूल उलूम की ओर से चलचित्र निगम को इस शर्त पर सौंप दिया गया था कि सिनेमा हॉल के बाहर दुकानें चलचित्र निगम बनाकर देगा जिनकी आमदनी मदरसा अनवारूल उलूम को मिलेगी। चलचित्र निगम ने यहां चल चित्र सिनेमा हॉल का निर्माण कराया। लेकिन घाटे पर सरकार ने चलचित्र निगम के कर्मचारियों को अन्य विभागों में समायोजित कर चलचित्र निगम के सभी सिनेमा हॉल बंद कर दिए थे। इसी बीच काशीपुर के एक उद्योगपति ने चलचित्र निगम किराए पर लेकर यहां फिल्मों का प्रदर्शन शुरू किया। लेकिन कुछ ही दिनों बाद चलचित्र सिनेमा हॉल की आमदनी कम हो जाने पर मदरसा दारुल उलूम की प्रबंध कमेटी ने पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार उर्फ राकेश से दबाव डलवाकर भूमि वापस खरीद ली थी। मदरसा कमेटी ने मदरसा के बाहर दुकानों का निर्माण कराने के साथ ही यहां शनि बाजार भी लगवाना शुरू कर दिया था। जिला मनोरंजन कर विभाग के अधिकारी संदीप कुमार ने एसडीएम परमानंद सिंह से मिलकर भूमि मनोरंजन कर विभाग की बता कर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। लेखपाल यशपाल गिरी का कहना है कि अभिलेखों में यह भूमि मनोरंजन कर विभाग के नाम आवंटित है।

■ अभी तक कराई गई जांच पड़ताल में यही बात सामने आई है कि संबंधित भूमि सूचना विभाग के नौ नाम आवंटित है। मदरसा अनवारूल उलूम की कमेटी ने कुछ अभिलेख सौंपे हैं। इन अभिलेखों की जांच कराई जाएगी यदि जमीन पर अवैध कब्जा करना पाया गया तो कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।-परमानंद सिंह, एसडीएम, ठाकुरद्वारा

■ मदरसा अनवारूल उलूम को भूमि चकबंदी प्रक्रिया के दौरान मिली थी। यह भूमि शर्तों के साथ चलचित्र निगम को दी गई थी। बाद में यह भूमि चलचित्र निगम से वापस खरीद ली गई। सूचना विभाग का अधिकार जताना आश्चर्यजनक है।- डॉ. मोहम्मद ताहिर, पूर्व सचिव, मदरसा अनवारूल उलूम प्रबंध कमेटी

# त्रिवेणी शुगर मिल गन्ना प्रबंध अधिकारी योगेश पांडे ने किट नाशक उपाय बतलाते



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद,ठाकुरद्वारा- त्रिवेणी शुगर मिल रानी नांगल ठाकुरद्वारा के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक आनंद सिंह तथा गन्ना अधिकारी योगेश पांडे किसान यशपाल सिंह ओमकार सिंह योगेंद्र सिंह के मौजा साहबगंज के गन्ने के खेतों पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तथा किसानों को गन्ने की उत्तम पैदावार लेने के लिए समय से सिंचाई निराई गुड़ाई तथा कीटनाशकों का छिड़काव करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए गन्ना विभाग तथा शुगर मिल का प्रत्येक कर्मचारी किसानों के साथ है यदि किसी किसान को गन्ने के खेतों में किसी प्रकार के कीटो या बीमारी के बारे में जानकारी कम है तो शुगर मिल के कर्मचारियों को अवगत करा दे खेतों का निरीक्षण करने के बाद कीटनाशक दवाइयों के बारे में जानकारी दे दी जाएगी और वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक ने गन्ने के खेतों का निरीक्षण करते हुए बताया कि इस समय अर्ली टॉप बोरर का प्रकोप खेतों में दिखाई दे रहा है इस समय कोराजन का छिड़काव अति आवश्यक है शुगर मिल के अपर महाप्रबंधक गन्ना श्री टी एस यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन किसानों के पास थोड़ा बहुत गन्ना शेष बचा हुआ है वे कल 16 मई दोपहर 12ः00 बजे तक अपने गन्ने की आपूर्ति मिल को कर दे कल सायं 5ः00 बजे पेराई सत्र का समापन कर दिया जाएगा और बताया कि 25 अप्रैल तक का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है और मिल बंद होने के बाद गन्ने का भुगतान अति शीघ्र भेज दिया जाएगा गन्ने के भुगतान के बारे में किसान परेशान ना हो। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के किसान नेता प्रीतम सिंह ने किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए अपर महाप्रबंधक महोदय से गन्ना विकास परिषद ठाकुरद्वारा पर गन्ना विकास सहकारी समिति मुरादाबाद के एक लिपिक को नियुक्त करने की मांग की क्योंकि किसानों को छोटे-छोटे कामों के लिए मुरादाबाद समिति के चक्कर लगाने पड़ते हैं मुरादाबाद समिति किसानों को लगभग 60 किलोमीटर दूर पड़ती है। और चेतावनी दी अगर किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसान अग्रिम संपूर्ण समाधान दिवस में गरजने को मजबूर होंगे जिसके जिम्मेदार गन्ना विभाग के अधिकारी होंगे।

# ठाकुरद्वारा में पन्नी के ढेर में लगी आग, मकान की छत फटी



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला में मकान में भरी पन्नी के ढेर में आग लग गई। इससे 10 हजार की पन्नी जलकर राख हो गई जबकि मकान की छत फट गई। अग्निशमन कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा। शरीफनगर-सुरजन नगर रोड पर यूसुफ का मकान स्थित है। रविवार की दोपहर अचानक उसके घर में भरी पन्नी के ढेर में आग लग गई। ग्रामीणों ने आसपास के हैंडपंप से पानी भरकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग भड़कती ही चली गई। अग्निशमन विभाग को सूचना मिली तो अग्निशमन कर्मी दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गए। अग्निशमन विभाग की गाड़ी का पूरा पानी खत्म हो जाने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में दमकल वाहन फिर से पानी भर कर मौके पर ले जाया गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।

# कुन्दरकी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेताओं का स्वागत



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-कुन्दरकी में राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जमाल सिद्दीकी व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कुंवर बासित अली, क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर सदस्य उर्दू अकादमी भाषा मंत्रालय उत्तर प्रदेश हाजी जहीर अहमद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आतिफ कमाल ,प्रदेश मीडिया प्रभारी शाह आलम, जिलाध्यक्ष नसीम खान, पूर्व प्रत्याशी बिलारी विधानसभा परमेश्वर लाल सैनी, मीडिया प्रभारी अरविंद ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष मोहम्मद जुबेर सैफी, रामपाल सिंह, असदुल्ला प्रधान, अब्दुल करीम, ओवैस खान, अजीम पाशा, अनस पाशा, आशु चौधरी, आरिफ खान, अलाउद्दीन, पीयूष गौतम आदि मौजूद रहे।

www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Implications of the survey

If the Supreme Court has rejected the demand for an immediate ban on the survey of Gyanvapi Masjid, then its limitations can be understood. Seems like a solid foundation is needed to stop this survey and time to test a solid foundation. This is such a sensitive subject, which has to be handled very carefully. Too much haste will not be appreciated and will only add to the controversy. It is a good thing that the Supreme Court may not have put an immediate stay on the survey, but the Supreme Court has agreed to hear the petition. In the coming days, the propriety and legality of the survey will also be tested in the Supreme Court. Regarding the petition filed on behalf of the Anjuman Inazaniya Masjid Committee, Chief Justice NV Ramana said that we have no information in this matter. So, how can we issue an order immediately? This means that the survey may be done, but the Supreme Court can decide on its validity or need at a later stage. Keep in mind, an application has been filed in a Varanasi court on behalf of five women, hearing which the court had ordered a survey. Not only this, the court has appointed Advocate Commissioner Ajay Kumar Mishra for the survey. This appointment was also challenged, but rejected by the court. The court has directed that by May 17, the survey of Gyanvapi should be completed and the report should be given. It is possible that now the survey work should be completed even before the hearing in the Supreme Court. In fact, almost adjacent to the Kashi Vishwanath temple is the Gyanvapi Mosque, which is claimed to have idols of deities. Not only this, the petition filed by the women has sought permission for regular worship of a goddess inside Gyanvapi. This is a unique case. There should also be videography of the survey, which means, the decision has to be made on the basis of the evidence. What if idols were found in Gyanvapi? The question will arise that the idols were already there, so why was justice not tried in the first place? The question will also arise that why is this matter being raised now? Is the motive only political and what will be the effect of such politics on both sides?"If the survey is turning out to be wrong, then it has become very important now to substantiate the arguments in favor of Gyanvapi. Simply saying in court that Gyanvapi has been a mosque for a long time will not work. Anyway, there is no law of any statue inside the mosque. Who will deny that the mood of the country and society has changed, only then such cases have started reaching the court. There were apprehensions of such petitions ever since the verdict in the Ayodhya case. The issue of Ayodhya, Kashi, Mathura is never new. Whoever the party may be, has the right to speak or put forth his point of view along with facts and arguments. This matter has to be looked into with full generosity, honesty, goodwill. If the courts have started hearing such cases, then their responsibility towards peace and tranquility in the country has also increased. Trust should be maintained and the courts should listen and understand the demands and arguments of the people not only from the point of view of law but also from the point of view of sensitivity.

# Manushi Chhillar wore the boldest dress ever in her birthday party, people said - Urfi Javed is infamous for free

The trailer of Akshay Kumar's film 'Prithviraj' was released recently. The one who caught everyone's attention in this was the former Miss World Manushi Chhillar debuting with the film. Manushi celebrated her 25th birthday with a bang on Saturday night. He gave a grand birthday party to his special friends. A video of this party is becoming quite viral on social media, in which people are trolling her in a tremendous way after seeing the dress of 'Prithviraj'. She was wearing a pink color deep neck short dress. This dress of Satin was completely glued to his body. People had already lost heart on her style, but as soon as she turned her backless style, the fans went crazy. As soon as Manushi's video went viral on social media, people started commenting. Somebody wrote that the alias Javed is infamous for free, some look at their clothes. Someone wrote to 'What happened to Samyukta, someone should inform Prithviraj'. So someone says that the less clothes the more success in Bollywood. Although most of the users found Manushi Bala beautiful. Let us tell you about Manushi that she had crowned Miss Word in 2017. Since then there is a discussion going on for her Bollywood debut. Now she is making her Bollywood debut with Akshay Kumar's period drama film 'Prithviraj'. The trailer of the film has come out and people are praising Manushi's simplicity. A song from the film is also getting a lot of love from the people.



# Britney Spears is going through a difficult time, expressed the pain of losing a child

Grammy Award winning American pop singer Britney Spears remains in the headlines every day. Sometimes regarding the conservatorship matter with the father and sometimes about his relationship with Sam Asghari. Let me tell you, some time ago, Britney told the fans about her pregnancy. Britney had said that she is going to be a mother to fiance Sam Asghari's child but now she has posted an emotional post and has given information about the miscarriage. Expressed the pain of losing a child - Britney Spears has given information about her miscarriage through an Instagram post. Britney wrote a long note and expressed her grief. Britney wrote, 'It is with great sadness that we have to say that we have lost our baby at the beginning of pregnancy. This moment is heartbreaking for any parent. Perhaps we should not have shared this good news with the world until we came together, but we were very excited to share this good news. Our love for each other is our strength. We will continue our efforts to take forward this beautiful family of ours. We want some privacy to get out of this difficult phase. Fans increased their courage - On this sad post of Britney, the fans including her fiancée Sam Asghari have also increased their courage. Sam wrote, "Soon such miracle will happen." At the same time, the fans are also in support of Britney and are advising her to act courageously. Significantly, there is an age gap of 12 years between Britney and Sam. While Britney is 39 years old, Sam is 27 years old. According to media reports, Sam and Britney met in 2016 on the set of the music video 'Slumber Party'. Both got engaged some time back.



# अमापुर में बने राजकीय महाविद्यालय - डॉ रघुनंदन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज अमापुर 15 मई। सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास के सिद्धांत पर संचालित हो रही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के लक्ष्य को सिद्ध करने के लिए अमापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी, भाजपा नेता डॉ प्रदीप रघुनंदन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आगरा में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय से मुलाकात कर सबसे पिछड़े विधानसभा क्षेत्र अमापुर के ब्लॉक मुख्यालय पर नौजवानों की उच्च शिक्षा की व्यवस्था हेतु शासन स्तर पर राजकीय महाविद्यालय स्थापित किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल को उच्च शिक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही एक प्रभावी कार्य योजना तैयार कर



अमापुर में राजकीय महाविद्यालय के खुले जाने की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आम आदमी के संपूर्ण विकास के लिए समर्पित है। चि शिक्षा मंत्री को आश्वस्त किया कि शासन स्तर से अमापुर में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना होती है तो नगर पंचायत इसके लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध कराएगी जिससे पूरे क्षेत्र में बच्चों को उच्च शिक्षा के अवसर मुहैया कराई जा सके। इससे पूर्व डॉ प्रदीप रघुनंदन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने उच्च शिक्षा मंत्री को बुके भेंट कर उनका सम्मान किया और उन्हें मिष्ठान भी खिलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा, सनातन सेना के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय, मोहम्मद आसिफ, यशवीर सिंह, के के मिश्रा, आर बी दुबे, डॉ यतेंद्र राजपूत सहित काफी लोग उपस्थित थे।
WWW.KNLSLIVE.COM

# डीएम, एसएसपी ने कोतवाली नगर में सुनी जनसमस्याएं



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा शासन के निर्देश के अनुपालन में जनपद के समस्त थानों पर माह के द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, एसएसपी उदय शंकर सिंह ने कोतवाली नगर में आयोजित थाना दिवस में जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर प्रभावी निस्तारण करने हेतु मौजूद राजस्व, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि फरियादियों द्वारा प्रस्तु किए गए प्रार्थनापत्र में यदि आवश्यकता है तो राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण कराया जाए। डीएम ने थाना दिवस के दौरान लेखपाल यदुवीर सिंह, राज बहादुर के अभिलेख चैक किए तथा निर्देश दिए कि क्षेत्र भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि ग्राम समाज,चकरोड,तालाब, नजूल, खात के गड्ढे आदि सरकारी भूमि पर कब्जा नहीं होना चाहिए। थाने पर आने वाले गरीब, असहाय लोगों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करायें। डीएम ने निर्देश दिए कि यदि कहीं पर विवाद की स्थिति है तो जमीनी विवाद चिह्नित कराएं और राजस्व टीम के साथ पुलिस मौके पर जाकर दोनो पक्षो की उपस्थिति मे नियमानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। तो वहीं निस्तारण आख्या थाना समाधान दिवस की पंजिका मे दर्ज करे। प्रार्थना मे अंकित वादी-प्रतिवादी एव जांचकर्ता का मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित किया जाए। यदि कोई पक्ष विवाद करता है तो उसके विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# टिकैत की जयंती पर ईशन नदी के पुर्नजीवित कराने तक हर सम्भव प्रयास करने की किसानो ने शपथ ली

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं ने शिकोहाबाद रोड़ स्थित ईशन नदी के किनारे वाकलपुर गांव पर बैठक कर किसान मसीहा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत जी की जयंती मनाई उक्त बैठक में टिकैत जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश के किसानों के असीमित सहयोग की बजह से किसान आंदोलन के सामने देश की सरकारों को कई बार झुकना पड़ा अपने कुशल नेतृत्व की क्षमता से उन्होंने सम्पूर्ण संसार के सामने बहुत बड़ी मिसाल कायम की आज के जमाने में बिना उच्च शिक्षा के कुछ भी कार्य करना सम्भव नहीं है जबकि नाम मात्र के लिए भी शिक्षित न होते हुए भी उन्होंने देश के नीति नियंताओं को किसान हित की नीतियां सिखाने का काम करते हुए उनका अनुपालन कराने का हमेशा सफलतम प्रयास किया टिकैत जी के साथ अखिल संघर्षी जैसे देश के तमाम किसान नेताओं को काम करने का शोभाग्य प्राप्त हुआ उनके साथ किसान हित में किए गए कार्य जीवनपर्यंत भुलाए नहीं जा सकते हैं जो ईमानदारी के साथ कर्मठता से लड़ने की शिक्षा उनके द्वारा कूट कूट कर भरी गई उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है

आज के समय में तमाम तथाकथित किसान नेता आम आदमी का ही उत्पीड़न करते हैं और अपने दामन पर लगे मुकदमों आदि दागों को छुपाने



के लिए किसान यूनियन का चोला पहन लेते है जबकि जनपद में देश के तमाम पुराने किसान नेताओं पर मुकदमा इसलिए लिख दिए गए कि वो किसान नेता की हैसियत से किसान, मजदूर की आबाज उठाते हैं इसलिए सरकार के दवाव में प्रशासन उल्टे सीधे तमाम मुकदमा लिखवाकर जनहित के रास्ता से भटकाना चाहता है टिकैत जी के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया और बैठक के अंत में संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से ईशन नदी के बीच में खड़े होकर नदी पुनर्जीवित कराने के लिए हर सम्भव प्रयास करने की शपथ ली और नदी के एक किलोमीटर दूर तक के सभी तालाबों को समतल भूमि से कम से कम 15 फुट गहरे खुदवाए जाने एवं पानी निकास नाले भी खुदवाए जाने की मांग प्रमुख से की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से =- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शीतलपुर - राजीव सोलंकी, प्रवेश राजपूत, चंद्रपाल वर्मा, पेशकार राजपूत, रामजीत राजपूत, रवेन्द्र वर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभाग में अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराये प्रशासन - सुशील

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला सिंगरौली के जिला सह संयोजक छात्र नेता सुशील कुमार साकेत ने जिला प्रशासन का ध्यान जिले में शिक्षा विभाग में चल रहे कार्य को और गति करने की अपील की है और साथ ही साथ, महाविद्यालय निर्माण, विद्यालय निर्माण, हॉस्टल निर्माण, बाउंड्री वॉल निर्माण जो कार्य अधूरे पड़े है। उनको जिला प्रशासन जल्द से जल्द ध्यान देकर समावधि में पूरा करना चाहिए। कई विद्यालय निर्माण कार्य वर्षो से अधूरे पड़े है ऐसे शैक्षणिक स्थानों को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूरा कराना चाहिए ताकि आने वाले समय में विद्यार्थियों के प्रकार समस्याओं का सामना ना करना पड़े और छात्रों को बैठने की उचित व्यवस्था हो क्यू की जिले में ऐसी बहुत सी विद्यालय है जहां छात्रों को बैठने में समस्याएं आती हैं। कुछ ऐसे भी विद्यालय है जहा पे निर्माण कार्य अधूरे में रुके हुए है उन कारणों का पता लगा के रुके हुए निर्माण कार्य को पुरा कराया जाये। जिला प्रशासन से अपील किया जाता है की जिले में शिक्षा विभाग में चल रहे कार्य में तेजी लाते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये साथ ही साथ निर्माण कार्य में अधूरे कार्य को भी जल्द से जल्द प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाये!

# एटा में 'हर घर स्वच्छ जल' योजना को पलीता लगाती सीवर लाइन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में केन्द्र सरकार की हर घर स्वच्छ जल योजना को सीवर लाइन पलीता लगा रही है।इस योजना के तहत लगभग दो माह पूर्व अंधी मोड़ के आस-पास के क्षेत्र में घर-घर कनेक्शन देकर जलापूर्ति शुरू की गई थी। खारे पानी के इस क्षेत्र में नगरपालिका का पानी मिलने लोगों को बड़ी प्रसन्नता हुई थी और उन्होंने आर.ओ. प्लान्ट से पानी की बोतलें भी मंगाना बंद कर दिया था। लेकिन लोगों की खुशी ज्यादा दिन तक नहीं रही। पूरे शहर को नरक बना चुकी सीवर लाइन का कार्य अंधी मोड़ पर जैसे ही शुरू हुआ सबसे पहले पानी की पाइप लाइन बंद कर दी गई। लोगों को नगरपालिका का स्वच्छ जल मिलना बंद हो गया। दो माह के बाद कई दिनों से सीवर कार्य आगे बढ़ गया है लेकिन जलापूर्ति की पाइप लाइन अभी तक नहीं जोड़ी गई है जिससे इस क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी की फिर समस्या पैदा हो गई है। नगरपालिका न जाने क्यों सीवर वालों की मनमानी पर मौन धारण किये हुए है, इन्होंने पूरे शहर में गलियों और सड़कों को खोदकर डाल दिया है और जिस क्षेत्र में कार्य पूर्ण कर दिया गया है वहां भी गलियों को पूर्व की स्थिति में करने हेतु नहीं बनवाया गया है। कुछ ही दिनों बाद बरसात आने वाली है जिससे पूरा नगर त्राहि-त्राहि कर उठेगा। नगरपालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को तत्काल इस क्षेत्र में जलापूर्ति चालू कराने के लिए उचित प्रबंध करने चाहिए ताकि लोगों को नगरपालिका के द्वारा घर-घर पहुंचने वाला पानी मिल सके।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# लोग बेरोजगारी व शासन की छोटी-छोटी योजनाओं का लाभ न मिल पाने से काफी परेशान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर से लगे ग्राम पंचायत खोहिर, बैजनपाठ, लुल्ह, भुण्डा व तेलई पाठ में पिछले कई दशक से यहां के वनवासी व ग्रामीणों द्वारा जंगल पर आजीविका निर्भर होने के बावजूद तेंदूपत्ता नहीं तोड़ा जाता है। उक्त गांव के लोग बेरोजगारी व शासन की छोटी-छोटी योजनाओं का लाभ न मिल पाने से काफी परेशान हैं। दरअसल उक्त गांवों का क्षेत्र गुरुघासीदास राष्ट्रीय वन उद्यान बैकुंठपुर, कोरिया के अधीन है। रिजर्व फॉरेस्ट होने के कारण विभागद्वारा तेंदूपत्ता तोड़ने पर प्रतिबंध री लगा दिया गया है। टी गौरतलब है कि बैजनपाठ, ने लुल्ह, भुण्डा एवं तेलई पाठ मूलत: आदिवासी, पंडो व गरीब किसानों का क्षेत्र है। यहां पर लोग र, कई दशकों से निवास कर रहे हैं। ये लोग मुख्य रूप से जंगल पर ही निर्भर होकर तेंदूचार, महुआ,डोरी, साल-बीज जैसे वनोपज से अपना जीवन यापन करते हैं। इसके अलावा एक रोजगार इनका तेंदूपत्ता संग्रहण भी है। प्रतिवर्ष इनको तेंदूपत्ता के सीजन का इंतजार भी रहता है कि इसे बेचकर कुछ लाभ कमाने का मौका मिलेगा। उक्त सभी गांव पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के सीमापर एवं ऊंची पहाड़ी पर बसा हुआ है। लेकिन उक्त गांवों का क्षेत्र गुरुघासीदास राष्ट्रीय वन उद्यान बैकुंठपुर, कोरिया के अधीन है। रिजर्व फॉरेस्ट होने के कारण विभाग द्वारा तेंदूपत्ता तोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस वजह से वनवासी तेंदूपत्ता तोड़नएकी योजना से वंचित हैं। यहां खेती में बरसात की फसल मक्का, कोदो-कुटकी, अरहर की फसल अच्छी हुई तो केवल सीजन भर खाने के लिए मिल जाता है। बाकी दूसरी फसल गेंहू, जौ, चना, अलसी, आलू की फसल का लाभ बारिश की कमी व सिंचाई का साधन न होने के कारण नहीं मिल पाता है। इस वजह से यहां के ग्रामीणों का जंगल पर ही निर्भर रहना जरूरी हो जाता है। ये लोग जंगल से ही मिले तेंदूचार, महुआ आदि को ही बेचकर रोजमर्रा की वस्तुएं खाने के लिए चावल, दाल, व सब्जी, तेल, मसाला व अन्य खाद्य सामग्री लाते हैं।

### महुआ, तेंदूचार को बेचकर चुकाते हैं कर्ज

ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी जंगल से मिलने वाले वस्तुओं के सहारे ही बाजार से खाने के लिए एक वर्ष का सामान उधार ले आते हैं। फिर अगले वर्ष तेंदूचार, महुआ को बेचकर उधार चुकाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें तेंदूपत्ता तोड़ने की अनुमति देने के साथ ही अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिले ताकि आजीविका चलाने में दिक्कत न हो। ग्रामीणों ने कहा यदि हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो हम भूख हड़ताल व उग्र आंदोलन करेंगे।

# स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय पेण्ड्रा प्रथम वर्ष का 12वीं बोर्ड परिणाम 100% रहा

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेंड्रा/ स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय पेण्ड्रा प्रथम वर्ष का परिणाम बहुत ही उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत उत्कृष्ट रहा वहीं कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओं ने अनूठी मिसाल कायम की 10वीं के 80प्रतिशत छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में पास किया और 5 अधिक छात्र छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त कर अपनी मेरिट में जगह बनाई। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान में निखिल अग्रहरी 76.2 , दसरे स्थान में तनिष्क साहू 71.4 व तीसरे स्थान में प्रशांत सिंह पैकरा 66 प्रतिशत हासिल किया। वही कक्षा 10 वीं में विशाखा जायसवाल प्रथम स्थान में 91.5त्न , दूसरे स्थान में जयश्री कश्यप 89.6 त्न , तीसरे स्थान में संस्कार साहू 89.1त्न, चौथे स्थान में प्रिंसी कौसल 87.8त्न व पांचे स्थान पर शौर्य जैन ने 83.6 त्न प्राप्त किये ज्ञात हो कि शौर्य जैन राज्य सरकार की महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री महतारी दुलार योजना के तहत शिक्षा प्राप्त कर अपने परिजनों व विद्यालय परिवार व राज्य सरकार का मान व गौरव बढ़ाया। प्राचार्य वी के वर्मा जी ने सभी छात्र छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए। 10वीं व 12वीं के शिक्षकों को भी बधाई दी साथ अगले के लिए इससे भी जाएदा उत्कृट परिणामो दिने के उत्साहीत किया।

# ओड़गी के राजेंद्र यादव बनाए गए जिला खाद्य कारोबार के प्रतिनिधि, राज्य शासन ने जारी किया आदेश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ओड़गी- खाद्य एवं औषधि की जिला स्तरीय समिति पुनर्गठित जिले से छह की हुई नियुक्ति , राज्य शासन ने जारी किया आदेश । इस समिति में कलेक्टर अध्यक्ष व सीएमएचओ उपाध्यक्ष होंगे तथा पुलिस अधीक्षक , लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा खाद्य संरक्षा एवं मानक विनिमय के तहत जिला स्तरीय समितियों का पुर्नगठन किया गया है जिसमें राज्य सुरक्षा एवं पोषण समव्यवसायिक एवं खाद्य कारोबार के प्रतिनिधि व उपभोक्ता संगठन के प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है . खाद्य सुरक्षा एवं पोषण में दो संघ व्यवसायिकों में जिले से गोपाल शर्मा कृष्णपुर व पुनित गुप्ता सूरजपुर को नियुक्त किया गया है . वहीं खाद्य कारोबार के दो प्रतिनिधियों में श्रीमती कमला यादव जरही व ओड़गी के राजेन्द्र यादव उपभोक्ता संगठन में चंदा सिंह शिवनंदनपुर व प्रदीप सिंह चंदनगर को नियुक्त किया गया है . विभाग के अवर सचिव राजेन्द्र सिंह गौर ने इस आशय का नियुक्ति आदेश जारी किया है . जिसमें जिला स्तरीय सलाहकार समिति जिला कृषि विस्तार अधिकारी , जिला खाद्य अधिकारी , महाप्रबंधक व्यापार एवं उद्योग केन्द्र , जिला शिक्षा अधिकारी , महिला बाल विकास के जिला परियोजना समन्वयकों को शामिल कर समव्यावसायिक , खाद्य कारोबार व उपभोक्ता संगठन के नामित दो - दो लोगों को जिला स्तरीय समिति में शामिल किया गया है . कांग्रेस संगठन में लंबे समय के बाद जिला स्तरीय समितियों में नियुक्ति से कांग्रेस खेमे में हर्ष का वातावरण है . जिला संगठन के पदाधिकारियों व क्षेत्रीय विधायकों ने नियुक्त सदस्यों को बधाई प्रेषित की है । साथ ही ओड़गी के राजेंद्र यादव को जिला खाद्य कारोबार का प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर युवा वर्ग में हर्ष का माहौल है।

- सूरजपुर जिले से छह लोगों की हुई नियुक्ति
- समिति में जिले के कलेक्टर होंगे अध्यक्ष

# बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में जिले का हो रहा विकास- मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज गौरेला और पेंड्रा नगर पंचायत के बांधामुडा तालाब परिसर और शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा ,मल्टीपरपज स्कूल परिसर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन सामारोह में गौरेला और पेंड्रा नगरवासियों को 219.99 लाख रूपए के विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होंने नगर पंचायत पेंड्रा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने बांधामुड़ा तालाब परिसर में कक्षा दसवीं बोर्ड में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कु. कहेफ अंजूम को सम्मानित किया और 25 हजार रुपए स्वेच्छानुदान से देने की घोषणा की है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, जिले का हर क्षेत्र में विकास हो रहा है . उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की एक निरंतर श्रृंखला बना दी गई है जिससे सभी क्षेत्रों का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि आज नगर पंचायत पेंड्रा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई है। गौरेला पेंड्रा मरवाही ने नया जिला होने के साथ-साथ अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के विकास में निरंतर बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर द्वारा लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करके विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिले में राजस्व कार्यों की सहजता से निराकरण के लिए नए अनुविभाग, तहसील, उप तहसील का भी निर्माण किया गया है, जिले में रोडो का जाल बिछाया गया है जिससे जिलेवासियों का विकास तेजी से हो सके। उन्होंने कहा कि जिले के नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है, विकास की गंगा बह रही है। इस अवसर पर मरवाही विधायक डॉ. के के ध्रुव ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का जिले का प्रभारी मंत्री बनना जिले के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है मुख्य मार्ग से एफसीआई गोदाम तक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण एवं भूमि पूजन समारोह में विधायक डॉ के. के. ध्रुव, अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, पेंड्रा नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश जालान, गौरेला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री राठौर, नगर पंचायत के एल्डरमैन, पार्षदगण सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, गणमान्य नागरिक और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com